किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं।
संपर्क करें:
7018631199

www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2023-25

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com
7018631199

रविवार 26.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

रामपुर एचपीएस में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव- प्रतिबिम्ब 2023 शुरू

रामपुर/हिमालयन अपडेट
एसजेवीएन के तत्त्वावधान में रामपुर एचपीएस द्वारा इकाई तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव- प्रतिबिम्ब 2023 का आयोजन 25 नवंबर से 27 नवंबर रामपुर एचपीएस खेल मैदान, दत्तनगर में किया जा रहा है। प्रतिबिम्ब 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज कुमार, कार्यपालक निदेशक / परियोजना प्रमुख एनजेएचपीएस द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं एसजेवीएन गीत के साथ किया गया। विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख रामपुर एचपीएस ने मुख्य अतिथि मनोज कुमार, कार्यपालक निदेशक/परियोजना प्रमुख. एनजेएचपीएस का पारंपरिक शोल टोपी से स्वागत कर अभिवादन किया।

परियोजना प्रमुख विकास मारवाह जी ने सभी को सांस्कृतिक तत्सव- प्रतिबिम्ब 2023 के आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि इस सास्कृतिक कार्यकम प्रतिबिम्ब की थीम भारत एक रंग अनेक है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा समूह गान, हिमाचली लोक नृत्य ताल, स्किट / नाटक, मॉडल मेकिंग, कव्वाली एव समूह नृत्य है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिबिम्ब 2023 की मेजबानी रामपुर एचपीएस को सौंपने के लिए एसजेवीएन प्रबंधन का धन्यवाद किया और भाग लेने आई सभी टीमों को शुभकामनाएँ दी। परियोजना प्रमुख ने कहा कि इस आयोजन का लक्ष्य कर्मचारियों के मध्य अनुशासन, मानवीय मूल्यों के आदान-प्रदान, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना एवं मैत्रीपूर्ण रिश्तों को बढ़ावा देना है। मारवाह ने इस बात पर बल दिया कि कर्मचारियों को बढ़-चढ़ कर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए तथा अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए।

इस आतर इकाई सास्कृतिक प्रतियोगिताओं में एसजेवीएन की कुल 07 टीमें यथा निगम मुख्यालय (शिमला). एनजेएचपीएस (झाकडी), एलएचईपी (बिथल), एसडीएचईपी (सुन्नी), डीएसएचइपी (बैलासिद्ध). जेटीपीएचईपी (रिकाग पीओ), एसजीईएल (शिमला) एवं रामपुर एचपीएस भाग ले रही हैं। प्रतिबिम्ब 2023 के पहले दिन में आंतर इकाई समूह गान प्रतियोगिता एवं हिमाचली लोक नृत्य ताल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

इस कार्यक्रम में एलएचईपी के परियोजना प्रमुख सुनिल चौधरी, एम.पी.सूद, प्रमुख सलाहकार, एसजेवीएन और रामपुर परियोजना के समस्त विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हमीरपुर में आज करोड़ों की राहत राशि प्रदान करेंगे मुख्यमंत्री

हमीरपुर/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने गृह जिला हमीरपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान रविवार को प्रदेश सरकार द्वारा घोषित विशेष राहत पैकेज के तहत करोड़ों की राहत राशि वितरित करेंगे। रविवार सुबह करीब साढे ग्यारह बजे आरंभ होने वाले इस राहत वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लाभार्थी बच्चों को पात्रता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। बरसात के मौसम में आई भीषण आपदा में जिला हमीरपुर में 122 परिवारों के मकान पूरी तरह तबाह हो गए थे। रविवार को मुख्यमंत्री इन परिवारों को राहत राशि की पहली किस्त के रूप में 3-3 लाख रुपये की राशि प्रदान करेंगे। जिला में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त 555 मकानों की मरम्मत के लिए एक-एक लाख रुपये की राशि प्रभावित लोगों के बैंक खातों में डाली जाएगी। 8 दुकानों एवं ढाबों के मालिकों को भी एक-एक लाख रुपये दिए जा रहे हैं। इनके अलावा गौशालाओं, कृषि भूमि, फसलों, पशुओं और अन्य संपत्तियों को हुए नुक्सान की मुआवजा राशि भी डीबीटी के माध्यम से सीधे प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

शिलाई अस्पताल के भवन का कार्य जल्द होगा शुरू :हर्षवर्धन चौहान

नाहन/हिमालयन अपडेट
उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शनिवार को अपने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान शिलाई लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ शिलाई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।

उद्योग मंत्री ने इस दौरान बताया कि शिलाई अस्पताल के भवन निर्माण कार्य की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। इसके कार्य के लिए टेंडर अगले माह लगा दिया जाएगा, जिसके उपरांत इसका निर्माण कार्य जल्द आरम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने टिम्बी से कोटापाब वाया दबोर्ड चायली-ठोंठा झाखड़ रोड़ का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के लिए पांच लाख रुपए की राशि दी गई है जिससे इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को बाली कोटी से नीड़ाह-शरली रोड़ की डीपीआर शीध्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि यह सडक मार्ग विकासनगर से शिलाई के लिए नजदीकी व वैकल्पिक मार्ग होगा। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि रोनहाट डिग्री कॉलेज का कार्य पिछले काफी समय से नहीं हुआ था जिसे आरम्भ करने के निर्देश दे दिए गए है। यह कार्य शीध्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने शिलाई आईटीआई का निरीक्षण करने के उपरान्त कहा कि अगले वित वर्ष में यहां दो नए ट्रैड़ आरम्भ कर दिए जाएगें। उन्होने शिलाई में जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह के लिए भूमि का निरीक्षण भी किया ।

च्चों एवं युवाओं को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा देकर उन्हें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का बैनेफिट दिया जा रहा है। इनमें 18 वर्ष तक की आयु के 105 बच्चे और 18 से 27 वर्ष की आयु तक के 147 युवा शामिल हैं। मुख्यमंत्री इनमें से कई लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

नगर निगम चुनाव में विधायकों को वोटिंग राइट के विरोध में कोर्ट जाएगी भाजपा

धर्मशाला/हिमालयन अपडेट
भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम के मेयर-डिप्टी मेयर चुनाव में विधायकों को वोटिंग राइट व्यवस्था का विरोध जताते हुए साफ किया है कि अगर सरकार ने यह निर्णय वापिस नहीं लिया तो भाजपा कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। प्रदेश में दो नगर निगम पालमपुर और मंडी में चुनाव हो चुके हैं, जबकि धर्मशाला और सोलन में होने हैं। भाजपा ने सरकार के निर्णय के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी कर ली है तथा धर्मशाला व सोलन के नगर निगम मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव से पहले भाजपा कोर्ट जाएगी। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार ने शनिवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के बीच सरकार ने मेयर-डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर जारी अधिसूचना में संशोधन किया है। परमार ने कहा कि नगर निगम के कोरम का एमएलए हिस्सा कैसे हो सकता है। वहीं स्टोन क्रशर मामले पर परमार ने आरोप लगाया कि

स्टोन क्रशरों के निरीक्षण के लिए गठित कमेटी ने कागजों से पेट भरा है। सरकार ने स्टोन क्रशर बंद क्यों किए थे और खोले कैसे, इस बारे स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से गठित कमेटी ने कांग्रेस समर्थित स्टोन क्रशर संचालकों के घरों व कार्यालयों में बैठकर ही रिपोर्ट तैयार की है। स्टोन क्रशर बंद होने से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई प्रदेश सरकार करे।

परमार ने कहा कि सरकार कभी गौण तो कभी मौन नजर आ रही है। मुख्यमंत्री लगातार घोषणाएं करते जा रहे हैं। सहारा और हिमकेयर योजना को बंद कर दिया गया है, वहीं आयुष्मान योजना भी बंद होने की कगार पर है। परमार ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर भाजपा ने सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बना ली है

मणिकर्ण में विदेशी युवक-युवती की मौत बनी पहेली, नौ दिन बाद भी नहीं हुआ कारणों का खुलासा

कुल्लू
मणिकर्ण घाटी में 9 दिन बाद भी विदेशी जोड़े की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। विदेशी पुरुष और युवती के शव बड़ी ही संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए थे। पुलिस के सभी आला अधिकारी सहित फोरेंसिक टीम मौका पर पहुंच गई थी और मौका पर मौजूद सभी साक्ष्यों को जुटाया गया था। जांच के काफी समय बाद ऐसा लग रहा था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट से मौत के कारणों से पर्दा उठ जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। घटना 17 नवंबर की है जब मणिकर्ण - बरशेनी मार्ग पर स्थित तेगड़ी नाला में एक गर्म पानी के कुंड के बीच युवती का शव निर्वस्त्र तैरता हुआ पाया गया जबकि विदेशी व्यक्ति के शरीर पर जख्मों के निशान थे और उसके जिस्म पर भी कपड़े नही थे।

पुलिस को जब सूचना मिली तो पुलिस ने मौका पर मौजूद सभी तथ्यों की जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम नेरचौक मेडिकल कॉलेज में किया गया वहीं फोरेंसिक टीम भी जुटाए गए साक्ष्यों को खंगालने में लगी रही।

पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल चुकी है लेकिन फोरेंसिक टीम विशेषज्ञों की फाइनलरिपोर्ट आना बाकि है। उन्होंने कहा शीघ्र ही मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा।

संविधान दिवस पर अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई शपथ

धर्मशाला/हिमालयन अपडेट
संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई। अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा सौरभ जस्सल ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत की ताकत अपने महान संविधान में निहित है। इसी के बूते भारत आज प्रभुतासंपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्रात्मक गणराज्य के तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा व सशक्त प्रजातंत्र बना है, जो मजबूती से एकता के सूत्र में बंधा है। बता दें, भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इस संविधान को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्य में विभिन्न जगहों पर डिजीटल लाइब्रेरी खोलने को उठाएंगे कदम: बाली

धर्मशाला/हिमालयन अपडेट
पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि राज्य में विभिन्न जगहों पर डिजिटल पुस्तकालय खोलने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे। डिजिटल लाइब्रेरी में पुस्तकों का संग्रह डिजिटल दस्तावेज के रूप में पाठकों को प्राप्त होगा, जिसे इंटरनेट के माध्यम से हासिल किया जाएगा। शनिवार को संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा में माता ब्रजेश्वरी सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन करने के उपरांत हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने कहा कि राज्य के प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी पुस्तकालय कक्ष स्थापित किया जाएगा ताकि बच्चों में पाठन की अभिरूचि विकसित की जा सके।

आर.एस बाली ने अपने संबोधन के दौरान माता ब्रजेश्वरी सार्वजनिक पुस्तकालय का निर्माण करने के लिए एसडीएम कांगड़ा सोमिल गौतम की प्रशंसा की साथ ही उन्होंने बताया कि शिक्षा के उपरांत युवाओं को नौकरी पाने के लिए एक अच्छे माहौल में बैठकर तैयारी करना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू रहता है हजारों युवा एक सही माहौल न मिल पाने के कारण कई बार अपने सपनों को पूरा करने में नाकाम हो जाते हैं।

उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह द्वारा युवाओं को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए किया जा रहे कार्यों के लिए आभार भी व्यक्त किया।

कांगड़ा में बनेगा सेल्फी प्वाइंट, मटौर को मिलेगा पार्क

उन्होंने कैंटीन और सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए 30 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा मटौर में 5 करोड रुपए की लागत से जल्द एक पार्क का निर्माण किया जाएगा। 1.5 करोड़ों रुपए की राशि से टंडन क्लब का विस्तारीकरण किया जाएगा।

शिमला में सीटू और किसान सभा का महापड़ाव शुरू, केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना

शिमला/हिमालयन अपडेट
केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को मजदूर व किसान विरोधी करार देते हुए सीटू और किसान सभा का तीन दिवसीय महापड़ाव शनिवार से छोटा शिमला स्थित प्रदेश सचिवालय के बाहर शुरू हो गया है। इस महापड़ाव में हिमाचल प्रदेश के मनरेगा, निर्माण, बीआरओ, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, उद्योगों, आउटसोर्स, ठेका कर्मी शामिल हैं। ये सभी 27 नवम्बर तक सचिवालय के बाहर डटे रहेंगे। इस महापड़ाव के जरिये सीटू ने सरकार को चेताया है कि मजदूर व किसान 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सता से उखाड़ फेंकेंगे।

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान, मजदूर फैसले लेती आ रही है। तीन किसान विरोधी कानून किसानों के दबाव के बाद वापिस लिए गए। महापड़ाव के द्वारा मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को रद्द करने, आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील योजना कर्मियों को नियमित करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ ही मनरेगा

में 375 रुपये प्रति दिन की मजदूरी पर 200 दिन कार्य दिवस प्रदान करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने, आउटसोर्स कर्मियों के लिए नीति बनाने की मांग करता है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये प्रति माह और सभी श्रमिकों को पेंशन सुनिश्चित करने मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं और बिजली संशोधन विधेयक को निरस्त करने आउटसोर्स प्रणाली पर रोक लगाकर इन सभी मजदूरों को नियमित करने, नौकरी से बाहर किये गए सैंकड़ों कोविड कर्मियों को बहाल करने की मांग की जा रही है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ मनरेगा में 375 रुपये प्रति दिन की मजदूरी पर 200 दिन कार्य दिवस प्रदान करने, मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने की मांग की मांग को अनसुना किया गया है। यह सरकार मजदूर किसान विरोधी है जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

अतिथि शिक्षक के नाम पर प्रदेश के पढ़े लिखे युवाओं से धोखा : एवीबीपी

शिमला//हिमालयन अपडेट
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला की तर्ज पर प्रदेश सरकार स्कूल व कालेजों में भी अतिथि शिक्षक (गेस्ट फैकल्टी) की नियुक्ति करने की तैयारी में है। छठी कक्षा से कालेज तक के विद्यार्थियों को पढ़ानेका जिम्मा इन्हें दिया जाएगा। यह फैसला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। मुख्यमंत्री ने विभाग को इसका प्रस्ताव बना कर मंत्रीमंडल को सौंपने के निर्देश दिए है विद्यार्थी परिषद का कहना है कि गैप अरेंजमेंट के नाम पर स्कूली स्तर से कॉलेज स्तर तक अब अतिथि शिक्षको के भरोसे छात्रों को पढ़ाया जाएगा। कही न कही इस कारण शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों वह सालों की मेहनत के बाद नेट, सेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के स्वपन लिए युवाओं के साथ धोखा है।

परिषद के प्रान्त मंत्री आकाश नेगी ने कहा है कि अतिथि शिक्षक के नाम पर प्रदेश के हजारों युवाओं को उनकी शिक्षा पूर्ण करने के बाद में स्थाई तौर से रोजगार ना दे पाना सरकार की नाकामी है। नेगी ने कहा कि चुनाव के पहले प्रदेश के लाखो युवाओं को रोजगार के सपने दिखाना कही न कही आज हिमाचल सरकार का असली चेहरा हिमाचलवासियो के सामने आ चुका है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हिमाचल सरकार को चेतावनी देते हुए यह कहना चाहती है कि वह इस प्रकार के किसी भी फैसले का विद्यार्थी परिषद कड़ा विरोध करती है।

विरेंद्र भट्ट मंडी नगर निगम के महापौर निर्वाचित, माधुरी कपूर बनीं उप महापौर

मंडी/हिमालयन अपडेट
वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी के पार्षद एवं पूर्व उप महापौर विरेंद्र भट्ट मंडी नगर निगम के महापौर निर्वाचित हुए हैं। वहीं वार्ड नंबर 12 थनेहड़ा की पार्षद माधुरी कपूर उप महापौर चुनी गई हैं। शनिवार को नगर निगम कार्यालय सभागार में पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी की मौजूदगी में हुए चुनाव में सन्याहड़ी वार्ड के पार्षद वीरेंद्र आर्य ने महापौर पद के लिए विरेंद्र भट्ट के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे हाउस ने सर्वसम्मति से मंजुरी दे दी।

वहीं बैहना वार्ड के पार्षद कृष्ण भानु ने उप महापौर पद के लिए माधुरी कपूर के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे हाउस ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

इसके उपरांत पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने नव निर्वाचित महापौर तथा उपमहापौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

चुनाव के दौरान मंडी के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी तथा द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर भी उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर निगम के आयुक्त एच.एस. राणा, पार्षदगण उपस्थित रहे।

बता दें, अढ़ाई साल पहले बने नगर निगम मंडी में 15 वार्डों से पार्षद चुन कर आए थे। महापौर के लिए आरक्षित महिला पद होने के चलते दिपाली जस्वाल महापौर चुनीं गई थीं, वहीं विरेंद्र भट्ट उपमहापौर बने थे। जिनका कार्यकाल अढ़ाई वर्ष था। इसके पूर्ण होने के पश्चात इस बार महापौर पद अनारक्षित था।